सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
# National Commission for Scheduled Tribes

(भारत के संविधान के अनुच्छेद 338क के अंतर्गत एक संवैधानिक निकाय)
(A constitutional body under Article 338A of the Constitution of India)

**SITTING NOTICE**

फा. सं.: NCST/DEV-2982/JH/106/2024-RO-RNC    दिनांक: 08 /07/2026

सेवा मे ,

**उपायुक्त,**
समाहरणालय भवन,
चाईबासा,
पश्चिम सिंहभूम, झारखंड 833201
ई-मेलः dc-wss@nic.in

विषय: **अभ्यावेदक श्री घनश्याम गागराई, कोल्हान शैक्षणिक शिक्षा समिति, गद्दी टोला, जोहार कार्यालय, पो. चाईबासा, जिला - प. सिंहभूम (झारखण्ड) से प्राप्त अभ्यावेदन "झारखण्ड राज्य के पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा में अवस्थित शिक्षण संस्थान एस.पी.जी. मिशन बालक उच्च विद्यालय को विद्यालय प्रबंधन के द्वारा, मार्केट कॉम्प्लेक्स में बदलने और खेल मैदान में फ्लैट आदि बनाने की गतिविधि पर रोक लगाने" के संबंध में।**

संदर्भ याचिकाकर्ता के दिनांक 21.06.2024 का पत्र।
एनसीएसटी नोटिस दिनांक 17.07.2024

महोदय,

चूंकि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 क के अधीन प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में उक्त उल्लिखित प्रकरण का अन्वेषण करने का निश्चय किया है।

2. डॉ आशा लकडा, माननीया सदस्य, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने इस प्रकरण में अन्वेषण / जांच/ की जाने वाली कार्रवाई के लिए **आयोग मुख्यालय, कोर्ट रूम, 6 वीं मंजिल, लोक नायक भवन, खान मार्केट, नई दिल्ली** में दिनांक **16.07.2026 को 11.30 Hrs** बजे सिटिंग /सुनवाई निर्धारित की है।

3. तदनुसार, आपसे अनुरोध है कि कृपया उक्त निर्धारित तिथि एवं समय पर उक्त मामले से संबंधित संपूर्ण तथ्यों एवं सभी संगत मूल अभिलेखों/दस्तावेजों के साथ **व्यक्तिगत रूप** से और माननीया सदस्य के समक्ष परीक्षण के लिए उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

4. कृपया ध्यान रखें कि यदि आप बैठक में उपस्थित नहीं होते है तो आयोग के समक्ष आपकी उपस्थिति को बाध्यकारी बनाने के लिए, आयोग भारत के संविधान के अनुच्छेद 338क के खंड (8) के अधीन प्रदत्त सिविल न्यायालय की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए स्वतंत्र होगा।

भवदीय

8.7.26

**(प्रवीण कुमार सिंह / Praveen Kumar Singh)**
**अवर सचिव / Under Secretary**
ई-मेलः ru4-hq@ncst.nic.in
Ph. No. 011-24645826

**प्रति, सिटिंग मे उपस्थित होने के लिए सूचनार्थ:**
**श्री घनश्याम गागराई,** संयोजक,
कोल्हान शैक्षणिक शिक्षा समिति गद्दी टोला,
जोहार कार्यालय, पो०-चाईबासा,
जिला- प० सिंहभूम, झारखण्ड

PS to Hon'ble Member (Dr. Asha Lakra)
NIC for uploading